# उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 26.04.2024

### यूजेवीएन लि0 हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पारित टैरिफ आदेश के मुख्य बिन्दु

- यूजेवीएन लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा (Annual Performance Review) एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC)/टैरिफ याचिका पर निर्धारण हेतु 09 वृहद विद्युत गृहों (छिबरो, खोदरी, ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल, चिला, रामगंगा, खटीमा, मनेरी भाली–I) तथा मनेरी भाली–II हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के सहीकरण (Truing-up) की याचिका पर निर्धारण के लिये दिनांक 30.11.2023 को आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई।

- **इस टैरिफ आदेश में आयोग द्वारा अभिलेखों के संवीक्षोपरान्त निम्न अनुमोदन किये गयेः–**
  - **a) वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 09 बड़े विद्युत गृहों एवं मनेरी भाली–II का सहीकरण (Truing-up)।**
  - **b) वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 09 बड़े विद्युत गृहों एवं मनेरी भाली–II के वार्षिक स्थिर प्रभार (Annual Fixed Charges) निर्धारण।**

- यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में वास्तविक रूप से एकत्रित किये गये राजस्व क्लेम एवं वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) के सापेक्ष रू0 19.87 करोड़ वहन लागत सहित (एचपीएसईबी के अन्तर को छोड़कर) का अन्तर (Gap) दावे के तौर पर आंकलित किया गया है। जिसके विरूद्ध आयोग द्वारा रू0 126.14 करोड़ (वहन लागत सहित) का कुल अधिशेष (Surplus) यूपीसीएल को वापस किये जाने हेतु अनुमोदित किया गया है। यह धनराशि यूपीसीएल (UPCL) को 12 समान मासिक किश्तों के आधार पर माह अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक वापस किया जाना होगा।

- वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु यूजेवीएन लि0 द्वारा क्लेम किये गये वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) एवं आयोग द्वारा गत वर्ष की तुलना में मय वृद्धि सहित अनुमोदित किये गये विवरण का उल्लेख निम्न् सारिणी में दर्शित हैः–

**तालिकाः वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) (रू0 करोड़ में)**

| उत्पादन गृह | वित्तीय वर्ष 2023–24 | वित्तीय वर्ष 2024–25 | |
|---|---|---|---|
| | आयोग के टैरिफ आदेश दिनांक 30.03.2023 में अनुमोदित | यूजेवीएन लि0 द्वारा प्रस्तावित | आयोग द्वारा अनुमोदित |
| **09 बड़े विद्युत गृहों** (छिबरो, खोदरी, ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल, चिला, रामगंगा, खटीमा, मनेरी भाली–I) | **519.42** | **672.85** | **576.63** |
| गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि/(कमी) | | 29.54% | 11.01% |
| **मनेरी भाली–II** | **212.03** | **240.26** | **207.05** |
| गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि/(कमी) | | 13.31% | -2.35% |
| **कुल** | **731.45** | **913.11** | **783.67** |
| गत वर्षों की तुलना में कुल वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि/(कमी) | | 24.84% | 7.14% |

***